<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–20 दिसंबर 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रदेश विधानसभा में हंगामे के बीच पारित हुआ अनुपूरक बजट : सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में सुशासन सप्ताह का किया शुभारम्भ : कहा– सुशासन के प्रतीक है अटल जी।
- राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मिर्जापुर में ग्रीन आर्मी ग्रुप के कार्यक्रम में लिया हिस्सा। ग्रुप की महिलाओं से किया संवाद।
- पीएम सूर्य घर योजना के तहत सोलर रूफटॉप इंस्टालेशन में प्रदेश ने देश में हासिल किया तीसरा स्थान : अब तक अट्ठारह लाख से अधिक लोग करा चुके है पंजीकरण।
- रेल विभाग अगले महीने प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ मेले के मद्देनजर चलाएगा चौतीस विशेष रेलगाडियां।

**********

उत्तर प्रदेश विधानमंडल शीतकालीन सत्र के दौरान कल विधानसभा में वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस –पचीस के लिए दूसरा अनुपूरक बजट पारित हो गया। इससे पहले विधानसभा में कल की कारवाई शुरू होते ही समाजवादी पार्टी के विधायक बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की तस्वीर लेकर वेल में पहुंच गए। हंगामे के बीच विधानसभा के सभी विधायी कार्य निपटाए गए और अनुपूरक बजट पास करने के साथ ही विधान सभा अध्यक्ष ने सत्र को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया। सपा विधायकों के हंगामे पर प्रदेश के मंत्री नंद गोपाल नंदी ने कहा कि डॉ आम्बेडकर के नाम पर सपा और कांग्रेस सिर्फ राजनीति कर रही हैं।

***विपक्ष और खासतौर पर समाजवादी पार्टी ने हंगामा किया। आज बाबा साहब अम्बेडकर जी की नारे लगा रहे थे। यहां भी इनकी अराजकता दिखी तो बाबा साहब का सम्मान इस तरह से नहीं हो सकता। बाबा साहब का सम्मान भारतीय जनता पार्टी सदैव किया और इन लोगों ने हंगामा करके फिर से एकबार प्रदर्शित किया है।***

विधानसभा की कारवाई के दौरान कल संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने सदन में सीएजी रिपोर्ट पेश की। साथ ही उन्होंने विपक्ष के हंगामे के बीच महाकुंभ की तैयारियों के बारे में जानकारी दी।

***कुंभ दुनिया का एक बड़ा इवेंट है और इन लोगों ने भी मांग की थी कि कुंभ के ऊपर चर्चा कराई जाये। आज सरकार तैयार है कुंभ जैसा आयोजन पूरी दुनिया में कहीं नहीं होता। 40 करोड़ लोगों के कुंभ में आने की संभावना है। 13 जनवरी से लेकर 26 फरवरी तक 45 दिनों तक कुंभ का आयोजन होगा।***

भाजपा नेता सिद्धार्थनाथ सिंह ने सदन में सभी को महाकुम्भ में आने के लिए आमंत्रित किया। उधर, विधान परिषद में भी कल अनुपूरक बजट पास होने के साथ ही सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गयी। विधान परिषद में कल उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय संशोधन और उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग संशोधन विधेयक सहित बारह विधेयक पारित किए गए।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में सुशासन सप्ताह का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व और कार्यों से संबंधित प्रदर्शनी का शुभारंभ भी किया। प्रदेश सरकार श्री वाजपेयी के जन्म दिवस की 100वीं वर्षगांठ पर पचीस दिसंबर तक सुशासन सप्ताह मना रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल जी सुशासन के प्रतीक माने जाते हैं।

***सुशासन के लक्ष्यों को प्राप्त करना देश के अंदर अन्त्योदय की योजना हर गरीब को, हर वंचित को उसका अधिकार मिले। इसको लेकर के अन्त्योदय कार्ड की योजना, राशन की सुविधा उपलब्ध कराने की कार्यवाही रही हो, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना का कार्य रहा हो, अनुसूचित जाति, जनजाति या पिछड़ेवर्ग को उनके अधिकार दिलाने की कार्यवाही को मजबूती के साथ आगे बढ़ाने का रहा है या वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर देश के अन्दर होना चाहिये। स्वर्णिम चतुर्भुर्ज और विश्वस्तरीय हाई वे ये अटल जी की देन है।***

श्री योगी ने कहा कि सुशासन सप्ताह के तहत प्रदेश भर में पचीस दिसंबर तक विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री के 100वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में ये आयोजन पूरे साल होते रहेंगे।

**********

उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग द्वारा आगामी बाइस दिसंबर को आयोजित होने वाली पीसीएस– दो हजार चौबीस प्रारंम्भिक परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। यह परीक्षा प्रदेश के सभी पचहत्तर जिलों के तेरह सौ इक्तीस केन्द्रों में दो सत्रों में आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों को परीक्षा के निर्धारित समय से ढेड़ घंटे पहले से प्रवेश दिया जाएगा।

**********

वाराणसी के दीनदयाल उपाध्याय जिला अस्पताल को अपग्रेड करके चार सौ तीस बेड का अस्पताल बनाने के साथ ही चिकित्सा महाविद्यालय बनाया जाएगा। इसके लिए कल उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक की उपस्थिति में स्वास्थ्य विभाग और दमानी ग्रुप के बीच एक अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर किए गए।

**********

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कल मिर्ज़ापुर के बरहीग्राम सभा में ग्रीन आर्मी ग्रुप की महिलाओं के कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने ग्रीन आर्मी की महिलाओं की सराहना की और प्रशासन से उनकी मुहिम को सहयोग करने की अपील की।

***ग्रीन आर्मी की महिलाओं को अभिनंदन करने के लिये आई हूं जिन्होंने ये प्रयास शुरू यिा, दारू छुड़वाने का प्रयास शुरू किया और बच्चों की पढ़ाई हो, इसके लिये प्रयास आरम्भ किया और हमें इसमें सहयोगी बनना है। सरकार की सहयोगी बने और उनकी जो ताकत है, ताकत का उपयोग करें, मार्गदर्शन करे।***

कार्यक्रम में राज्यपाल ने ग्रीन आर्मी की महिलाओं से संवाद भी किया। मिर्ज़ापुर में नशा मुक्ति और महिला सशक्तिकरण के लिए काम कर रही ग्रीन आर्मी की सदस्य शशिलता ने बताया कि उनकी इस मुहिम से महिलाओं के जीवन में एक बड़ा बदलाव आया है।

***ग्रीन आर्मी से बहुत बदलाव आया है। महिलाएं जागरूक हुई है, आत्मनिर्भर हुई है। यहा ं पर 5 सौ महिलाएं है, जो महिलाएं कार्य करना चाहती है उनको सिलाई मशीन दिया जाता है, बच्चियों को पढ़ने के लिये साइकिल वितरण किया जाता है।***

इससे पहले राज्यपाल ने सोनभद्र के बनवासी कल्याण आश्रम से संबद्ध सेवा समर्पण संस्थान सेवाकुंज आश्रम  में बनवासी बच्चों के कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया।

**********

पीएम सूर्य घर योजना के तहत सोलर रूफटॉप इंस्टालेशन में उत्तर प्रदेश, देशभर में गुजरात और महाराष्ट्र के बाद तीसरे स्थान पर है। अब तक प्रदेश में बतीस हजार से अधिक सोलर रूफटॉप पैनल लगाए जा चुके हैं। सरकार का लक्ष्य अगले तीन वर्षों में पचीस लाख सोलर रूफटॉप पैनल लगाने का है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट....

**प्रदेश में सोलर रूफटॉप पैनल के लिए अब तक 18 लाख से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं, जिनमें से 32 हजार से अधिक घरों में पैनल का इंस्टालेशन भी पूरा कर लिया गया है। पीएम सूर्य घर योजना के तहत 1 किलोवॉट क्षमता के पैनल के लिए केंद्र सरकार 30 हजार रुपए और प्रदेश सरकार 15 हजार रुपए की** ***सब्सिडी देती है। इसी तरह 2 किलोवॉट के कुल 90 हजार रुपए और  3 किलोवॉट या उससे ऊपर के पैनल के लिए कुल 1 लाख 8 हजार रुपए तक की सब्सिडी दी जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस योजना की मॉनिटरिंग खुद कर रहे हैं। आकाशवाणी समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।***

**********

मध्य रेलवे ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ मेले के लिए चौतीस विशेष रेलगाड़ियां चलाने की घोषणा की है। महाकुंभ मेला तेरह जनवरी से छब्बीस फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। ये विशेष रेलगाड़ियाँ मुंबई, पुणे, नागपुर और अन्य शहरों से चलाई जायेंगी। कुंभ मेले के लिए विशेष रेलगाड़ियों की बुकिंग बीस दिसंबर से शुरू होगी। इन विशेष रेलगाड़ियों में बिना आरक्षण के भी यात्रा की जा सकेगी।

**********

प्रदेश में महाकुंभ दो हजार पचीस की तैयारियां जोरों पर हैं। इस अनूठे समागम में चालीस करोड़ से अधिक लोगों के आने की उम्मीद की जा रही है। राज्य सरकार कुंभ के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध  कराने की तैयारी कर रही है। आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. रतन सिंह ने बताया कि विशेषा डाक्टरों की टीम के साथ पैरामेडिकल स्टॉफ और अन्य स्वास्थ्य सुविधाऐं मेला परिसर में चौबीस घंटे मौजूद रहेंगी।

***प्रयागराज 2025 हेतु चिकित्सा  स्वस्थ एवम् परिवार कल्याण विभाग की विभिन्न गतिविधियों को चिन्हित करते हुए गतिविधिवाद वाद मुख्यालय में नोडल आधिकारी नामित किये गए है इसके अतिरिक्त महा कुंभ 2025 में चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के सम्पादन हेतु अपर निदेशक एवं मेला प्रभारी के द्वारा भी गतिविधियों के स्थलीय प्रबंधन हेतु नोडल अधिकारी नामनीत किए गए हैं।***

**********

प्रदेश के लगभग सभी जिलों का मौसम शुष्क हो गया है। पूर्वी जिलों में पूर्वा हवाओं के चलते कई स्थानों पर कुहरे का प्रभाव भी देखने को मिल रहा है। मौसम विज्ञान विभाग ने अगले पांच दिनों तक प्रदेश में मौसम शुष्क रहने और देर रात तथा सुबह के समय कहीं कहीं हल्के से लेकर मध्यम कोहरा छाए रहने की आशंका जताई है।

**********